उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,

राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

पत्रांकः 3493 /रेरा/ स्थापना/भर्ती/2018–19 दिनांकः 8 अक्टूबर, 2018

कार्यालय आदेश

उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में निम्नलिखित पदों को निर्धारित शर्तो तथा प्रतिबन्धों के अधीन संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र विज्ञापन संख्या–3/स्थापना/भर्ती/2018–19 दिनांक 26–09–2018 के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं:–

क.सं.	पद का नाम	पे–बैण्ड/ग्रेड–पे	संख्या
1.	तकनीकी सलाहकार	37400–67000 ग्रेड पे–8700	01
2.	विधि सलाहकार	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01
3.	डिप्टी सेक्रेटरी	15600–39100 ग्रेड पे–7600	01
4.	अधिशासी अभियंता	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01
5.	नगर नियोजक	15600–39100 ग्रेड पे–6600	01
6.	प्रशासनिक अधिकारी	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01
7.	सहायक अभियंता	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01

क.सं.	पद का नाम	पे–बैण्ड/ग्रेड–पे	संख्या
8.	सहायक निदेशक (सिस्टम्स)/सिस्टम एनालिस्ट	15600–39100 ग्रेड पे–5400	01
9.	विधि सहायक	9300–34800 ग्रेड पे–4800	01
10.	अवर अभियंता	9300–34800 ग्रेड पे–4800	01
11.	आशुलिपिक ग्रेड–1	9300–34800 ग्रेड पे–4800	03
12.	लेखाकार	9300–34800 ग्रेड पे–4200	02
13.	आशुलिपिक ग्रेड–2	5200–20200 ग्रेड पे–2800	03
14.	कम्प्यूटर आपरेटर	5200–20200 ग्रेड पे–2800	05

उपरोक्त उल्लिखित पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार/लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टाइप टेस्ट के लिए प्राधिकरण द्वारा निम्नानुसार व्यवस्था निर्धारित की गई है:–

1. एक पद के सापेक्ष लगभग 10 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टाइप टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
2. विधि सहायक, अवर अभियन्ता, आशुलिपिक ग्रेड–1, लेखाकार, आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा कम्प्यूटर आपरेटर के लिए निर्धारित लिखित परीक्षा/कम्प्यूटर टाइप टेस्ट हेतु उपयुक्त तथा अर्ह अभ्यर्थियों की शार्टलिस्टिंग निर्धारित अर्हकारी योग्यता से सम्बन्धित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
3. परीक्षा के प्रश्नपत्र में विषय ज्ञान, सामान्य ज्ञान तथा अपेक्षित अनुभव क्षेत्र से सम्बन्धित प्रश्न सम्मिलित होंगे। वर्णनात्मक तथा वस्तुनिष्ठ, दोनों प्रकार के, प्रश्न पूंछे जा सकते हैं।
4. तकनीकी सलाहकार, विधि सलाहकार, डिप्टी सेक्रेटरी, अधिशासी अभियन्ता, नगर नियोजक, प्रशासनिक अधिकारी, सहायक अभियन्ता तथा सहायक निदेशक (आई0टी)/सिस्टम एनालिस्ट के पदों के लिए साक्षात्कार हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की शार्टलिस्टिंग हेतु अर्हकारी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित शैक्षिक संस्थानों की प्रतिष्ठा, सम्बन्धित विभाग/संगठन की महत्ता, धारित पद की वरिष्ठता/स्तर तथा अनुभव की अवधि के आधार पर किया जाएगा।
5. अर्हता तथा अनुभव की शर्तों को पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र संवीक्षा के दौरान सरसरी तौर पर summarily निरस्त कर दिया जाएगा।

8/10/18

(अबरार अहमद)
सचिव।